हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–95 : जौनपुर, गुरुवार 08 दिसम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## नगर निकायों के वित्तीय क्षमता की समीक्षा व संसाधनों का होगा निर्धारण

लखनऊ ब्यूरो : नगर निकायों में संपत्तियों के मूल्यांकन, कर निर्धारण, वित्तीय संसाधन बढ़ाने और विकास की परियोजनाओं में परामर्श देने के लिए गठित 'उप्र नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड' के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके तहत इस वित्तीय वर्ष में बोर्ड द्वारा 118 नगर निकायों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा और राजस्व संग्रह के संसाधनों की क्षमता का निर्धारण किया जाएगा। इसके अलावा अन्य कार्यों का लक्ष्य भी तय किया गया है। 2011 में गठित बोर्ड की भूमिका अब तक सिर्फ कागजी रही है, जबकि इसमें चेयरमैन के अलावा आर्थिक सुधार आदि मामलों के कई विशेषज्ञ भी हैं। सरकार के तमाम प्रयासों के बाद भी इनकी वित्तीय स्थिति नहीं सुधरी। इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो महीने पहले समीक्षाकर इसे प्रभावशाली बनाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद नगर विकास विभाग ने हर साल के लिए अलग–अलग कार्ययोजना बनाने का फैसला किया है। अब निकायों के स्वामित्व या प्रबंधन वाली संपत्तियों का ब्योरा ऑनलाइन किया जाएगा। इसी तरह कर एवं करेतर मदों, प्रभार व लाइसेंस शुल्क के पुनर्निर्धारण के संबंध में विचार–विमर्श, नवगठित निकायों में भूमि–भवनों का मूल्यांकन व कर निर्धारण का काम किया जाएगा। वित्तीय क्षमता का होगा निर्धारण इस वित्तीय वर्ष में बोर्ड द्वारा 118 नगर निकायों में से 43 में संपत्ति कर



का निर्धारण किया जाएगा। इसके लिए ऐसी 6 नगर पालिका परिषद और 36 नगर पंचायतें चयनित की जाएंगी, जिनकी वित्तीय स्थिति काफी कमजोर है। इसी तरह 5 नगर निगमों, 20 नगर पालिका परिषदों और 50 नगर पंचायतों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा और राजस्व संसाधनों की क्षमता का निर्धारण किया जाएगा। कई प्रदेशों के अध्ययन के आधार पर होगी कार्यवाही बोर्ड के विशेषज्ञों ने पिछले वर्ष पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, कर्नाटक, राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात व महाराष्ट्र के निकायों की वित्तीय व कर प्रणाली का अध्ययन किया था। इसके आधार पर यूपी के निकायों की कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

## प्रयागराज में मेयर का टिकट पाने के लिए शुरू हुई भागमभाग : भाजपा में सबसे अधिक दावेदार

प्रयागराज ब्यूरो : मेयर की सीट ओबीसी के खाते में जाने के बाद टिकट के दावेदारों ने लखनऊ और दिल्ली दरबार की दौड़ लगानी शुरू कर दी है। सत्तारूढ़ पार्टी होने के नाते सर्वाधिक दावेदार भाजपा के पास हैं। ओबीसी आरक्षण की घोषणा होने के बाद से ही कुछ ने लखनऊ में डेरा जमा लिया है। इसमें से कुछ ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से भी मुलाकात की है। मुलाकात के बाद सभी अपने पक्ष में माहौल बना होने की बात कहने से भी नहीं चूक रहे हैं। प्रयागराज में जनता द्वारा चुनी गई पहली मेयर वर्तमान सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी ही हैं। तब से अब तक यहां सामान्य जाति का ही मेयर रहा है। इस लिस्ट में वर्तमान एमएलसी डॉ. केपी श्रीवास्तव, चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह के बाद वर्तमान मेयर अभिलाषा गुप्ता नंदी का नाम है। इस बार जब तक यहां आरक्षण सूची जारी नहीं हुई थी, तब तक मेयर पद के लिए 40 से ज्यादा लोगों ने अपने आवेदन कर दिए थे। फिलहाल अब तस्वीर साफ होने के बाद पार्टी के तमाम ओबीसी चेहरों ने अपना दावा ठोंक दिया है। बताया जा रहा है कि मेयर का टिकट संगठन डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से विचार विमर्श के बाद ही घोषित करेगा। केशव खुद भाजपा में पिछड़ी जाति के प्रदेश में सबसे बड़े पार्टी के चेहरे हैं। ऐसे में बिना उनकी सहमति के कम से कम प्रयागराज में प्रत्याशी के नाम की घोषणा




नहीं होगी। इसी वजह से टिकट के तमाम दावेदार केशव मौर्य से ही मुलाकात करने पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। कुछ ने जहां मुलाकात कर ली है तो कुछ ने उनसे मुलाकात का वक्त भी मांगा है। उधर सोशल मीडिया में भी टिकट के तमाम दावेदार पूर्व विधायक दीपक पटेल, प्रदेश महिला मोर्चा मंत्री कविता यादव, कारोबारी पदुम जायसवाल, विवेक जायसवाल, पूर्व उपमहापौर अनामिका चौधरी, अनीता सचान, काशी प्रांत उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता एवं पूर्व विधायक करण पटेल के पुत्र डा. विक्रम पटेल, पार्षद किरन जायसवाल आदि के समर्थक खासे सक्रिय हैं। सभी यह मानकर चल रहे हैं कि उन्हीं के नेता को पार्टी टिकट देगी। उधर नगर निगम सीमा का विस्तार होने के बाद चार लाख से ज्यादा वोटर जुड़ जाने से सामाजिक समीकरण भी बदल गया है। बदले हुए समीकरण में पटेल एवं अन्य पिछड़ी जाति के काफी वोटर विस्तार वाले क्षेत्र में है। इन्हीं सब समीकरण को ध्यान में रखते हुए ही पार्टी मेयर का प्रत्याशी तय कर सकती है।

## इत्मीनान से सोएं स्टेशन पर पहुंचने से पहले ही बजेगी फोन की घंटी

प्रयागराज ब्यूरो : ऐसे रेल यात्री जिन्हें देर रात किसी स्टेशन पर उतरना है, वह अब ट्रेन में इत्मीनान के साथ सोते हुए सफर कर सकते हैं। ऐसे यात्री रेलवे की 'रेल मदद सेवा' के माध्यम से अपना पीएनआर नंबर और फोन नंबर दर्ज करवा सकते है। उनके गंतव्य स्टेशन आने के 20 मिनट पहले वेकअप कॉल के जरिये उन्हें जगाया जाएगा। रेलवे की वेकअप कॉल सेवा पहले भी सुर्खियों में रही है लेकिन अब इसका एक बार फिर से प्रचार शुरू किया गया है। साथ ही इसकी प्रक्रिया में भी बदलाव किया गया है। इसके तहत सफर के पूर्व यात्रियों को 'रेल मदद सेवा' के 139 नंबर पर काल कर ग्राहक सेवा प्रतिनिधि से बात करनी होगी। ग्राहक प्रतिनिधि को ही दस अंकों का पीएनआर नंबर एवं मोबाइल नंबर देना होगा। इस प्रक्रिया के बाद गंतव्य स्टेशन आने से 20 मिनट पहले रेलवे वेकअप कॉल कर उन्हें नींद से जगाने का काम करेगा। एनसीआर प्रयागराज मंडल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि यह सुविधा काफी अच्छी है। इसका प्रयोग यात्री कर सकते हैं। इसके अलावा रेल मदद के माध्यम से यात्री ट्रेन आगमन–प्रस्थान संबंधी पूछताछ, पार्सल, आईआरसीटीसी द्वारा संचालित ट्रेन, दिव्यांग संबंधी अन्य सूचनाएं भी प्राप्त कर सकते हैं।

## श्रीमद् भागवत कथा समापन पर हनुमत कृपा ट्रस्ट ने कथा व्यास को किया सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। बाराबंकी में सूरतगंज ब्लॉक के चन्दूरा गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के समापन पर हवन व भंडारे का आयोजन किया गया. कथा व्यास विमल बल्लभ महाराज ने मुख्य संकल्पी राजेश्वरी दीक्षित और यजमान गिरीश चंद्र दीक्षित व श्रीमती रमा दीक्षित को सदैव प्रभु सेवा में लगे रहने का आशीर्वाद दिया. इससे पूर्व, आचार्य अथर्व मिश्र ने यजमान समेत सम्पूर्ण दीक्षित परिवार को साथ बैठाकर हवन कराया. दोपहर बाद शुरू भंडारे में क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोगों के अलावा, सैकड़ों श्रद्धालु जनों ने प्रसाद ग्रहण किया.इससे पूर्व, कथा के आखिरी दिन सायंकालीन बेला में व्यास श्री बल्लभ महाराज ने कहा कि अहंकार मनुष्य के पतन का मुख्य कारण है. जब तक मन मस्तिष्क में घमंड रहता है तब तक प्रभु की कृपा नहीं मिल सकती. माधव को पाने के लिए साधक को अहंकार का त्याग करना ही होता है. बिना गुरु कृपा के यह संभव भी नहीं है. उन्होंने कहा कि भौतिक सम्पन्नता के साथ आध्यात्मिक सम्पन्नता भी जरूरी है. आध्यात्म से आत्मबल मजबूत होता है. गीता – रामायण का नियमित पाठ करने से मन स्थिर रहता है.सातों दिन कथा सुनने कर आनंदित होने वाले श्रद्धालु जनों में सर्वश्री सुरेश चंद्र दीक्षित, दिनेश चंद्र दीक्षित, नरेश दीक्षित, बृजेश चंद्र



दीक्षित, एस. डी. दीक्षित, राजेश दीक्षित, राम जी, छोटकन्नू, आशुतोष दीक्षित, आशीष, सोमू, पुन्नू, मंजुल, प्रिंसू, गोलू, शिव कैलाश, मनोरमा, सुशीला, विजय लक्ष्मी, नीलम, वंदना, बिट्टा, राधा, बबली, रिम्मी, शिल्पी, शीलू,गुड़िया, सोनी, रेनू, रीतू, नीतू, श्वेता, हैप्पी आदि प्रमुख हैं.पूर्णाहुति के बाद भंडारे मेंसर्वश्री सुखनंदन अवस्थी, निवर्तमान भाजपा विधायक शरद अवस्थी, नीरज बाजपेयी, मनीष पाण्डेय, प्रेम मिश्र, अनुराग बाजपेयी, चंदन मिश्र, रमेश बाजपेई, कल्लू मिश्र, विनोद मिश्र, महेश मिश्र, पुतई, मुन्ना अवस्थी, बाबू राम मौर्य, कृष्ण चंद्र त्रिवेदी, वशिष्ठ त्रिवेदी, मीनू, टिंकू, परमा, राकेश, शिव रानी, राम रानी, जूली व गुनगुन आदि भक्त शामिल रहे. कथा व्यास को हनुमत कृपा मासिक पत्रिका के संपादक नरेश दीक्षित ने हनुमत कृपा ट्रस्ट की ओर से हनुमान जी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया।

## विश्व ब्राह्मण महासभा की प्रदेश संगठन मंत्री बनीं साधना तिवारी

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : विश्व ब्राह्मण महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती डॉक्टर अनीता मिश्रा जी के द्वारा महासभा का किए जा रहे विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश भर में ब्राह्मण इकाइयों का गठन किया जा रहा है इसी के चलते विश्व ब्राह्मण महासभा मैं कानपुर की समाजसेवी वह विभिन्न सामाजिक कार्यों में हमेशा तात्पर्य रहने वाली श्रीमती साधना तिवारी जी को विश्व ब्राह्मण महासभा का प्रदेश संगठन मंत्री मनोनीत किया गया साथ ही डॉ अनीता मिश्रा जी ने बताया कि संगठन विस्तार हेतु वह पूरे भारतवर्ष में प्रत्येक प्रदेश में संगठन की इकाइयों का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों का मनोनयन कर रही है उन्होंने यह भी कहा कि श्रीमती साधना तिवारी के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों व संस्था के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें प्रदेश संगठन मंत्री बनाया गया है साथ ही उन्होंने बताया कि संस्था शीघ्र अति शीघ्र प्रदेश स्तर के ब्राह्मण सम्मेलनों का आयोजन भी करेगी इस मौके पर संगठन विश्व ब्राह्मण महासभा के



राष्ट्रीय महामंत्री दिलीप कुमार अवस्थी, राष्ट्रीय सचिव पंडित धर्मेंद्र शुक्ला, प्रदेश सचिव विकास त्रिवेदी कानपुर देहात जिला अध्यक्ष सुमित अवस्थी उपस्थित रहे।

## इलेक्ट्रिक बसें चलाने की तैयारी में परिवहन निगम

लखनऊ ब्यूरो : सिटी बस की तर्ज पर परिवहन निगम भी अपने बेड़े में इलेक्ट्रिक बसों को शामिल करेगा। बसों को फिलहाल दो सौ किलोमीटर के दायरे में चलाने की तैयारी है। इनके संचालन की तैयारियों के लिए रोडवेज के एक अफसर पुणे भेजे गए हैं, जहां इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को लेकर सर्वे कर वे रिपोर्ट तैयार करेंगे। परिवहन निगम के अफसर बताते हैं कि पुणे में इलेक्ट्रिक बसों का बेड़ा सबसे बड़ा है और वहां सधे हुए ढंग से बसों का संचालन किया जाता है। ऐसे में रोडवेज प्रशासन वहां की व्यवस्थाओं का अध्ययन कर उस मॉडल को लखनऊ में भी लागू करना चाहता है। इस काम के लिए प्रधान प्रबंधक (प्राविधिक) अजीत सिंह को पुणे भेजा गया है। उन्होंने बताया कि वे वहां इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को लेकर आने वाली चुनौतियों के बाबत रिपोर्ट तैयार करेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम के बेड़े में 12 हजार के आसपास बसें हैं, जो डीजल से चलती हैं। रोडवेज प्रशासन सिटी बसों की तर्ज पर इलेक्ट्रिक बसें भी चलाना चाह रहा है। इससे डीजल पर प्रतिवर्ष खर्च होने वाले करोड़ों रुपये की बचत होगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा दिया जा



सकेगा। पांच शहर इलेक्ट्रिक बसों से जुड़ेंगे इलेक्ट्रिक बसों को एक बार चार्ज करने पर दो सौ किलोमीटर तक चलाया जा सकता है। ऐसे में अधिकारी पहले चरण में इलेक्ट्रिक बसों को इस रेंज में चलाने की तैयारी कर रहे हैं। इसमें सीतापुर, अयोध्या, लखीमपुर, हरदोई, कानपुर शामिल हैं। इतना ही नहीं साधारण बसों से इनका किराया भी कम हो सकता है। इन चुनौतियों का करना होगा सामना अफसरों के अनुसार अंतरजनपदीय इलेक्ट्रिक बसों के संचालन में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। इसमें चार्जिंग प्वॉइंट एक बड़ी समस्या है। एक चार्जिंग प्वॉइंट पर 1500 केवी का कनेक्शन लेना होगा, जिसके लिए ढाई करोड़ रुपये तक खर्च होंगे। वहीं इलेक्ट्रिक बसें भी महंगी हैं। एक बस 85 लाख की है। ऐसे में 40 बसों के एक डिपो पर करीब 34 करोड़ रुपये खर्च करने होंगे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## लोकबंधु चिकित्सालय में सीटी स्कैन की खबर से मरीजों में खुशी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लोकबंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय जोकि 318 बेड का राजकीय चिकित्सालय है जो पांच लाख की आबादी को कवर करता है चिकित्सालय में नवनिर्मित रेडियोलॉजी विभाग में उच्च स्तर की अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन पी पी पी मॉडल पे लगाई गई है जिसका लोकार्पण उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के कर कमलों द्वारा किया गया, लोकार्पण कार्यक्रम में सरोजनी नगर के लोकप्रिय विधायक राजेश्वर सिंह प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश पार्थ सारथी सेन शर्मा महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य डॉ लिली सिंह जी की गरिमामई उपस्थिति रही, साथ में संचारी रोग निदेशक मौजूद रहे ,सीटी स्कैन लग जाने से आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था की गुणवत्ता में अत्यधिक सुधार होगा, मात्र 2 घंटे के अंदर इमरजेंसी रिपोर्ट दी जा सकेगी ,जो की गोल्डन समय के लिये अत्यधिक उपयोगी साबित होगा ।पहले अत्यधिक गंभीर मरीजों को सीटी स्कैन की सुविधा हेतु दूसरे अस्पताल में जाना पड़ता था इससे उनके उपचार में विलंब की संभावना रहती थी , लोक बंधु चिकित्सालय में सीटी स्कैन की खबर से मरीजों को अत्यधिक खुशी का माहौल है, क्षेत्र के सभी क्षेत्रवासी सरकार द्वारा लगाई जाने वाली पीपीपी मॉडल पर सीटी स्कैन सुविधा के लिए उत्तर प्रदेश सरकार का आभार प्रकट करते नजर आए। सभी सीटी स्कैन रिपोर्ट 8 घंटे में आ जाएगी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एस के सक्सेना ने बताया कि सीटी स्कैन की लगने की कवायद कई महीनों से चल रही थी। सरकार की इस पहल से इसे जल्द से जल्द पूरा किया जा सका, इसे मरीजों को बहुत ही लाभ होगा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि सीटी स्कैन मशीन लग जाने से एक्सीडेंटल मरीजों के इलाज में होने वाले विलंब को कम किया जा सकता है मरीजों को बचाया जा सकता है ।उक्त अवसर पर आशियाना परिवार के अध्यक्ष आर डी द्विवेदी एवं शिव शंकर अवस्थी आदि क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## गोविंद नगर सड़क का भूमि पूजन आज

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : भारतीय जनता पार्टी की जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा एवं सुख सिमरन शक्ति फाउंडेशन ऑफ इंडिया की अध्यक्ष एवं संस्थापक श्रीमती सिमरन कौर ने बताया कि आज शाम 4 बजे नंदलाल चौराहे से आईटीआई चौराहे तक जाने वाली गोविंद नगर की सड़क जिसका कि कई वर्षों से कोई भी कार्य नहीं कराया गया सड़क पर बड़े–बड़े गड्ढे हो चुके थे आए दिन वहां पर दुर्घटनाएं हुआ करती हैं जिससे कि वहां पर चलने वाले नागरिकों को बहुत ही तकलीफ होती है इसी सड़क का भूमि पूजन महापौर श्रीमती प्रमिला पांडे जी एवं हम सबके प्रिय विधायक किदवई नगर विधानसभा के हमारे बड़े भाई श्री महेश त्रिवेदी जी के कर कमलों द्वारा किया जा रहा है आप सभी जनमानस से अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर इस भूमि पूजन में अपनी सहभागिता दर्ज करें।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा : चालक की दबकर मौत

गोरखपुर ब्यूरो : लोटन कोतवाली क्षेत्र के सेमरहना चौराहे के पास बृहस्पतिवार को एक ट्रैक्टर अनियंतित्र होकर पलटकर नाले में चला गया। इस हादसे में दबकर चालक की मौत हो गई। वह अपने खेत की



जुताई करने के लिए गया था, तभी हादसा हुआ। परिजन ने शव का पोस्टमार्टम करवाने से इनकार कर दिया। क्षेत्र के सेमरहना गांव निवासी रामवृक्ष (30) के पास खुद काट्रैक्टर है। बताया जा रहा है कि सुबह वह अपने ही गांव पर खेत जोतने जा रहा था कि सड़क जर्जर होने के कारण टैक्टर का पहिया फिसलने से नाले मे पलट गया। हादसे में रामवृक्ष उसके नीच दब गया। नाले में अधिक पानी होने से जबतक लोग कुछ समछ पाते तब तक हालत खराब हो गई। वहां के आसपास के लोग देखकर रामवृक्ष को ट्रैक्टर के नीचे से किसी तरह से निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने देखते ही उसे मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक शादीशुदा था, वह अपने पीछे दो बेटी व दो बेटों को छोड़ गया। घटना के बाद परिवार का रो–रोकर बुरा हाल है। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद लोटन कोतवाली की पुलिस मौके पर पहुंच गई। लेकिन परिवार के लोगों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अपनें विचारों को नियंत्रित करना सीखें, नहीं तो वो आपको नियंत्रित करेंगे।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# हमारी प्रौद्योगिकी पर चीन की नजर

रिपोर्ट के अनुसार, चीन में स्थित चार सर्वरों से छोड़ा गया एक मालवेयर 103 देशों के उन 1,295 कंप्यूटरों में प्रवेश कर गया था, जिनमें सरकारी गोपनीय जानकारियां थीं।

दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल की इंटेलिजेंस फ्यूजन स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) की जांच में हुए खुलासे के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के सर्वर पर हुए साइबर हमले में चीन की भूमिका सामने आई है। जांच में यह पता लगा कि दो मेल आईडी से एम्स के सर्वर पर साइबर हमला किया गया। विगत 23 नवंबर को देश के प्रतिष्ठित मेडिकल संस्थान एम्स में हुए उस साइबर हमले में एम्स के चार सर्वर, दो एप्लीकेशन सर्वर, एक डाटाबेस और एक बैकअप सर्वर प्रभावित हुए थे और वहां के सभी कंप्यूटरों के एंटी वायरस का लाइसेंस खत्म हो गया था। जांच में पता चला कि जिन दो मेल आईडी से हमला हुआ, उनका उद्गम चीन में है। एक प्रमुख मेल आईडी का पता ग्लोबल नेटवर्क, फ्रांसिट लिमिटेड रोड डी/3 एफ ब्लॉक–2, 62 युआन रोड हांगकांग–00852 है।

आईएफएसओ की जांच इस साइबर हमले में कहां तक पहुंचेगी, यह देखना तो अभी शेष है, लेकिन चीन पर नजर रखने वालों के अनुसार इस तरह के हमले चीन की मूलभूत फितरत में शामिल हैं। कोई बहुत ज्यादा वक्त नहीं हुआ है, लेकिन भारत सहित कई देशों की खुफिया एजेंसियों के कर्ता–धर्ता आज भी इस घटना से सिहरे हुए हैं। हाल ही में भारत समेत 103 देशों की सरकारें एक मालवेयर (बदनीयती से छोड़ा गया सॉफ्टवेयर) के हमले के असर का अंदाजा लगाने के लिए इकट्ठा हुई थीं।

कनाडा स्थित इन्फॉर्मेशन वारफेयर मॉनिटर (आईडब्ल्यूएम) नामक एक रिसर्च संगठन के 10 महीनों के शोध व अनुसंधान के बाद तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार, चीन में स्थित चार सर्वरों से छोड़ा गया एक मालवेयर 103 देशों के उन 1,295 कंप्यूटरों में प्रवेश कर गया था, जिनमें सरकारी गोपनीय जानकारियां थीं। घोस्ट रैट नामक यह मालवेयर प्रभावित कंप्यूटरों में न सिर्फ टेक्स्ट फाइलें, बल्कि की–स्ट्रोक्स की जानकारी हासिल करने के साथ वीडियो और ऑडियो रिकॉर्ड कर और भी काफी कुछ कर सकता था।

चीन की सरकार ने इस बात से इनकार किया कि उनका इस हमले से कुछ भी लेना–देना है। लेकिन साइबर वारफेयर के अधिकांश विश्लेषक उक्त रिपोर्ट की मूलभूत खोजों से काफी भयभीत हैं। पहली खोज तो यह है कि मालवेयर का पता दो साल तक नहीं चला और अनेक कंप्यूटर तभी से रोगग्रस्त थे। दूसरा यह कि इस मालवेयर का पता और भी कई वर्षों तक नहीं चलता, अगर इन्फॉर्मेशन वारफेयर मॉनिटर (आईडब्ल्यूएम) इसका पता नहीं लगाता। दरअसल चीन की इन गतिविधियों से खतरा सिर्फ भारत को नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को है। जहां तक राज्य प्रायोजित घुसपैठ की बात है, तो क्राउडस्ट्राइक के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2020 और 2021 के बीच 67 फीसदी हमलों के पीछे चीन था। साइबर सुरक्षा मुहैया करवाने वाली एक अन्य एजेंसी सेंटिनल वन के सीनियर थ्रेट रिसर्चर टॉम हेगेल के अनुसार, इसमें कोई संदेह नहीं है कि खतरे की प्रासंगिकता के मामले में चीन अग्रणी देश के रूप में खड़ा है।

इसी साल जुलाई में फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन (एफबीआई) और ब्रिटिश खुफिया एजेंसी एमआई5 ने चीन द्वारा इंटरनेट प्रोटोकॉल (आईपी) की चोरी के खतरे के बारे में एक अभूतपूर्व संयुक्त चेतावनी जारी की। लंदन में उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए एफबीआई के निदेशक क्रिस्टोफर रे ने कहा कि चीन का हैकिंग कार्यक्रम 'हर दूसरे बड़े देश की तुलना में बड़ा है और चीन की सरकार आपकी प्रौद्योगिकी चुराने के लिए तैयार है।' उनका कहना था कि चीनी सरकार पश्चिमी व्यवसायों के लिए उससे भी गंभीर खतरा है, जितना कि कुछ व्यवसायी महसूस करते हैं। तमाम शहर हैं दो चार दस की बात नहीं–ये पंक्तियां चीन के मामले में पूरी तरह मौजूं साबित होती हैं।

दुनिया भर के साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि विकसित हो या विकासशील, सभी देशों को चीन से खतरा है। दक्षिण एशिया के विकासशील देशों की तो बात ही छोड़ दें, अमेरिका जैसे विकसित देश भी चीन से खतरा महसूस करते हैं। चंद बानगी पेश हैं : सिक्योरवर्क्स में एक शोधकर्ता के रूप में अपने तीन वर्षों के दौरान मार्क बर्नार्ड ने चीनी सरकारी हैकर्स को रसायन निर्माण, विमानन, दूरसंचार और फार्मास्यूटिकल्स में ग्राहकों के पीछे जाते देखा है। बर्नार्ड के मुताबिक, यह दर्शाना काफी मुश्किल है कि चीन के लिए प्रमुख क्षेत्र क्या हैं, क्योंकि वे (चीनी) बहुत से लोगों को लक्षित करते हैं।

अमेरिकी वायुसेना के पूर्व मुख्य सॉफ्टवेयर अधिकारी निकोलस चौलान के अनुसार, सबसे शर्मनाक उदाहरणों में से एक चीन द्वारा 2011 में शुरू होने वाले एफ–35 के समान डिजाइन वाले बमवर्षक जेट जारी करना था। एनएसए के पूर्व कांट्रेक्टर एडवर्ड स्नोडेन द्वारा लीक किए गए दस्तावेजों से इस बात की पुष्टि होती है कि चीनी सरकार के हैकर्स ने एफ–35 लाइटनिंग2 पर डेटा चुराया है, जिसके बारे में माना जाता है कि इसका इस्तेमाल जे–31 और जे–20 सहित चीनी जेट विमानों के डिजाइन में किया गया था। जुलाई, 2021 में, व्हाइट हाउस ने यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और नाटो के साथ मिलकर 'दुर्भावनापूर्ण साइबर गतिविधि के पैटर्न' के लिए चीन सरकार की निंदा की। कार्रवाई ने यह स्पष्ट कर दिया कि बाइडन प्रशासन का मानना है कि चीन अमेरिकी व्यवसायों के आईपी चुराने के लिए हैकिंग गतिविधियों को रोकने के अपने 2015 के समझौते की अनदेखी कर रहा है।

मजेदार बात यह है कि कुछ साल पहले तक यह माना जा रहा था कि चीन अपने साइबर हमले सिर्फ खुफियागीरी की खातिर कर रहा है। लेकिन इस क्षेत्र के जानकारों और शोधकर्ताओं की धारणा अब पूरी तरह से बदल चुकी है। उनका मानना है कि अब चीन की दिलचस्पी अन्य देशों में शुद्ध रूप से व्यावसायिक हो चुकी है और अपने व्यापारिक हितों के मद्देनजर उसने अपनी साइबर जासूसी गतिविधियां बहुत बड़े पैमाने पर बढ़ा दी हैं। जानकारों का कहना है कि उसके हैकरों की सेना चौबीसों घंटे काम करती है। भारत सहित विश्व के अन्य देश इसका किस तरह से मुकाबला करते हैं, यह देखना काफी दिलचस्प होगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम : विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : मंगली पुरवा स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में 8 दिसंबर से 11 दिसंबर तक आयोजित होने वाले वार्षिक उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित किया जाएगा वार्षिकोत्सव के प्रथम दिन 8 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से खेलकूद प्रतियोगिताओं के अलावा सामान्य ज्ञान, सुलेख हिंदी ,अंग्रेजी, मानस पाठ, 1 मिनट की प्रतियोगिताओं में गुब्बारा फुलाना, बालों में रबड़ लगाना, बिंदी चिपकाना ,टॉफी की पैकिंग करना आदि मनोरंजक कार्यक्रम शामिल हैं। इसके अलावा 9 दिसंबर को बच्चे चित्रकला, रंगोली कलश सज्जा, मेहंदी प्रतियोगिताओं के अलावा कबाड़ से जुगाड़, खो – खो आदि प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगे। 10 दिसंबर को अपराहन 2:00 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा ।इसके अलावा 11 दिसंबर को शाम 4:00 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा जिसमें बच्चे यातायात नियमों का पालन करना ,अपने शहर को स्वच्छ रखने, जल संरक्षण करने के साथ ही बच्चों को संस्कारवान बनाने जैसे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जानकारी देते हुए विद्यालय के उप प्रबंधक मुकेश सिंह ने बताया कि इस चार दिवसीय कार्यक्रम के तहत बच्चों को जहां अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा वही बच्चों के माध्यम से बड़ों को तमाम संदेश भी मिलेंगे। 11 दिसंबर को ही शाम को कार्यक्रम के समापन अवसर पर 4 दिन में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को अतिथियों के द्वारा प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

## निकाय चुनाव के लिए भाजपा ने की रूप रेखा तैयार –अजीत सिंह बब्बन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : नगर पालिका परिषद शाहबाद की संचालन समिति की बैठक जिला महामंत्री एवं जिला संयोजक निकाय चुनाव 2022 अजीत सिंह बब्बन ने की।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किए गए ऐतिहासिक विकास कार्यों को जन जन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय रहने के निर्देश दिए। तदुपरांत वार्ड नम्बर 16, खलील की वार्ड संचालन समिति एवं उसके अन्तर्गत आने वाले 6 बूथों की संचालन समिति के साथ भी बैठक कर चुनाव की रूपरेखा बनाई। इस अवसर पर नगर निकाय चुनाव संयोजक/जिला महामंत्री सत्येंद्र सिंह राजपूत,मण्डल महामंत्री सुभाष सिंह,श्री हाकिम सिंह, रामदास गुप्ता, अमित मिश्रा,युवा मोर्चा जिला



महामंत्री प्रखर अग्निहोत्री एवं भाजपा नेता अनुराग श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## जगतगुरु शंकराचार्य आश्रम के शताब्दी समारोह में पहुंचे उपमुख्यमंत्री

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : श्री ब्रह्म निवास शंकराचार्य आश्रम, अलोपीबाग समारोह के अंतिम दिन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और भारतीय ब्राह्मण परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री पं. धर्मेंद्र शुक्ला जगद्गुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती के 150वीं जयन्ती एवं श्री राधा माधव जयंती पाठोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में सम्मिलित हुए। इसके पूर्व उप मुख्यमंत्री और पंडित धर्मेंद्र शुक्ला ने जगद्गुरु शंकराचार्य के कक्ष में जाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। फिर स्वामी शंकराचार्य के साथ ही भागवत कथा स्थल पर आए। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जगतगुरु स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती जी का आशीर्वाद लेने के बाद कहा कि शंकराचार्य जी की वाणी में सरस्वती विराजमान है राम जन्मभूमि सहित विभिन्न मुद्दों पर विहिप के साथ संत सम्मेलनों में जगतगुरु शंकराचार्य जी ने जो कहा वह पूरा हुआ है उन्होंने कहा कि गौ माता की रक्षा के लिए प्रदेश सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं इसके बाद भारतीय ब्राह्मण परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री एवं विश्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय सचिव पंडित धर्मेंद्र शुक्ला ने कहा कि आज ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ब्रह्मलीन ब्रह्मानंद सरस्वती की जयंती के अवसर पर आने व सम्मिलित होने का आशीर्वाद मिला। यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि मैं तो स्वयं ही कार्यकर्ता एवं सेवक हूँ। जगद्गुरु शंकराचार्य के संरक्षण व सान्निध्य में श्रीराम कार सेवा करने का भी अवसर मिला। श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर निर्माण में जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती एवं स्वर्गीय अशोक सिंहल का अद्वितीय योगदान, सहयोग व मार्गदर्शन मिला। जिससे इतनी बड़ी





सफलता मिली। आराधना महोत्सव के पांचवें दिन जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद महाराज ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के अभियान की विभिन्न रोचक घटनाओं व संस्मरणों को सुनाते हुए कहा कि मुझे निर्णयानुसार हर हाल में कार सेवास्थल पहुंचकर कार सेवकों का मार्गदर्शन करने व कार सेवा में भाग लेना था। पुलिस का चारों तरफ बड़ा मजबूत सुरक्षा घेरा था। गहन सुरक्षा बल होने के कारण वहाँ तक पहुंचना बड़ा मुश्किल था, किन्तु मोटर की डिग्गी में छिपकर मैं अयोध्या पहुंचा था। जगद्गुरू शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी ब्रह्मनंद सरस्वती के विषय में उन्होंने बताया कि यह स्वामीजी की इस 125वीं जयंती के अवसर पर उनकी पूजा का अवसर सबको उपलब्ध हो सके, इसलिए इस कार्यक्रम को विशेष भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। यह पूज्य पीठोद्धारक शंकराचार्य के श्रम, योगदान एवं प्रचार–प्रसार सहित त्याग तपस्या का ही फल है कि 165 वर्षों तक पूजापाठ की दृष्टि से बाधाओं का शिकार रही। किन्तु श्री ज्योतिष्पीठ पुनर्जागृत होकर हम लोगों को आध्यात्मिक जगत से जोड़कर पुण्य कार्यों की जानकारी और धार्मिक अनुष्ठान करने का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रम में शंकराचार्य ने शाल, शताब्दी ग्रंथ एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। दण्डी संन्यासी विनोदानंद सरस्वती दण्डी संन्यासी शंकरानंद सरस्वती, दण्ड संन्यासी शिवानंद सरस्वती, ब्रह्मचारी आत्मानंद, अनिल कुटेटा, वेद प्रकाश शर्मा, राम आधार शर्मा आदि ने विशेष सहयोग किया। इस दौरान विधायक प्रवीण पटेल, गुरू प्रसाद मौर्य, सुरेन्द्र चौधरी, पूर्व विधायक दीपक पटेल, महानगर अध्यक्ष गणेश प्रसाद केसरवानी, गंगापार अध्यक्ष अश्विनी पांडे, जमुनापार अध्यक्ष विभवनाथ भारती, काशी प्रान्त उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, पूर्व सभासद उमेश मिश्रा, गौसेवा काशी प्राप्त मंत्री लालमणि तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## निपुण एसेसमेंट परीक्षा सकुशल सम्पन्न : खंड शिक्षा अधिकारी ने किया निरीक्षण

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : मंडल के सभी परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट व कस्तूरबा गांधी कन्या आवासीय विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का गुरुवार को निपुण असिसमेंट टेस्ट (एनएटी) कराया जा रहा है। बेलघाट क्षेत्र के सभी प्राथमिक विद्यालयों में निपुण असिसमेंट टेस्ट सुचारू रूप से कराया जा रहा है कि नहीं इसका निरीक्षण गुरुवार को खंड विकास अधिकारी दिवाकर सिंह ने प्राथमिक विद्यालय शाहपुर द्वितीय , प्रथमिक विद्यालय शाहपुर प्रथम ,प्राथमिक विद्यालय सोहनाग,प्रथमिक विद्यालय मीरपुर आदि विद्यालयों में पहुंचकर औचक निरीक्षण किया ।सभी विद्यालयों में पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई थी। इन बच्चों के निपुणता की जांच के लिए सभी विद्यालयों में गुरुवार को परीक्षा आयोजित हुई। बच्चों द्वारा प्रसन्नचित मुद्रा में परीक्षा दिए और अपने प्रश्नपत्र को हल कर के ओएमआर सीट भर कर पूरा किये । परीक्षा मे पारदर्शिता देखने को




मिला ।वहीं बच्चों को प्रश्नों का उत्तर हल करने के लिए ओएमआर सीट दी गई थी। ओएमआर सीट हल करने के बाद लोड करना था, लेकिन नेटवर्क सही ढ़ंग से काम नहीं कर रहा था। जिसके चलते देर शाम तक शिक्षक ओएमआर शीट लोड करने के लिए जूझते रहे।

## डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने किया इमर्जिंग कंप्यूटर टेक्नोलॉजीज के दो दिवसीय सेमिनार का उद्घाटन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज, के फेयरफील्ड हॉल में "इमर्जिंग कंप्यूटर टेक्नोलॉजीज" पर दो दिवसीय सेमिनार का उद्घाटन किया गया। इस उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि यूपी सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक थे। आर.ए.एस. त्यागी, उप निदेशक (सेवानिवृत्त), यूपी पुलिस कंप्यूटर सम्मानित अतिथि थे और मुख्य भाषण डॉ. पुनीत मिश्रा ने दिया। अपने आह्वान सम्भाषण में अरविन्द शर्मा ने आयोजन के उद्देश्य के बारे में बताया और बताया कि इस तरह के आयोजन छात्रों के लिए कैसे उपयोगी हैं। अपने स्वागत भाषण में लखनऊ क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज, लखनऊ के प्राचार्य डॉ. डी.जे. गोडिन, ने सभी अतिथियों के सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि वह छात्रों और महाविद्यालय के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपने संबोधन में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि महाविद्यालय आकर उन्हें सदैव की भांति बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अस्तित्व के 160 साल पूरे करना महाविद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और विभिन्न लोगों के संपर्क में आने के दौरान उन्होंने महसूस किया कि लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज के छात्र बहुत प्रतिष्ठित पदों पर आसीन हैं जैसा कि अतीत में चलन था। आर.ए.



एस. त्यागी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में प्रौद्योगिकी में व्यापक परिवर्तन देखा गया है और यह महत्वपूर्ण है कि व्यक्ति इन परिवर्तनों से खुद को अपडेट रखे और इस तरह के आयोजन वास्तव में ऐसा करने में सहायक होते हैं। डॉ. पुनीत मिश्रा ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि तकनीकि का प्रभावी ढंग से उपयोग करने की जरूरत है और व्यक्ति को इसका दास नहीं बनना चाहिए। उन्होंने डेटा, कंप्यूटर सुरक्षा और ऑनलाइन धोखाधड़ी के बारे में भी बताया और धोखाधड़ी से सावधान रहने की चेतावनी दी। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े कुछ क्षेत्रों पर भी चर्चा की। सत्र के अंत में अरविंद शर्मा ने कार्यवाही की संक्षिप्त जानकारी दी और छात्रों को बताया कि कार्यक्रम उनके लिए आयोजित किया गया था और कार्यक्रम के परिणाम छात्रों के बीच व्यक्तित्व और संचार कौशल के विकास में परिणत होंगे। उन्होंने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया और कार्यक्रम में भाग लेने वाले अतिथियों, संकाय सदस्यों और छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मंडल रेल प्रबंधक द्वारा बाराबंकी–अयोध्या रेलखंड का किया गया निरीक्षण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रेलवे का आधुनिकीकरण करते हुए समस्त नवीन सुविधाओं से सुसज्जित करने एवं मंडल के स्टेशनों सहित अन्य कार्य स्थलों को एक नव स्वरुप प्रदान करने साथ ही संरक्षित तथा सुरक्षित रेल परिचालन की दिशा में निरंतर प्रयत्नशील उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल पर वर्तमान समय में अनेक निर्माण कार्यों तथा परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है । इन विकास कार्यों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए मंडल रेल प्रबंधक, सुरेश कुमार सपरा ने मंडल के अन्य अधिकारियों के साथ मंडल के बाराबंकी–अयोध्या रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग करते हुए गहनता से निरीक्षण किया एवं इस रेलखंड की संरक्षा, सुरक्षा एवं इस रेलखंड पर चल रहे रेलपथ के दोहरीकरण कार्यों सहित इसपर स्थित स्टेशनों की व्यवस्थाओं एवं कार्यपद्धति को सूक्ष्मता से परखा तथा इन समस्त कार्यो का विस्तृत जायजा लेते हुए इनकी समीक्षा की और इस सम्बन्ध में अपने आवश्यक सुझाव एवं निर्देश पारित किये तथा इन सभी कार्यो को निर्धारित समय सीमा के अन्दर उच्च्व गुणवता के साथ समाप्त करने की बात कही। मंडल रेल प्रबंधक ने अपने आज के इस निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान रौजागाँव स्टेशन पर पहुंचकर,स्टेशन तथा परिसर का अवलोकन किया तथा स्टेशन के ESP( Engineering scale plan) के बारे में सम्बन्धितो से विस्तृत चर्चा की साथ ही पैनल



रूम में जाकर रेल संचालन की व्यवस्थाओं को परखा एवं स्टेशन पर स्थापित कार्यलयों की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की तथा अभिलेखों तथा दस्तावेजों की जांच करते हुए इनके उचित रखरखाव के सम्बन्ध में अपने निर्देश पारित किये । अपने निरीक्षण के अगले चरण में मंडल रेल प्रबंधक ने पूर्वोतर रेलवे के कटरा रेलवे स्टेशन से दर्शननगर तक एक प्रस्तावित बाई पास लाइन का फुट सर्वे किया। इस लाइन हेतु डिटेल एस्टीमेट तैयार करने के उपरांत डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाई जाएगी तदोपरान्त प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को स्वीकृति हेतु भेजा जायेगा स इस कार्य हेतु स्थानीय प्रशासन के सहयोग से जमीन का अधिग्रहण भी किया जायेगा। इस कार्य के संपन्न होने के उपरांत अयोध्या स्टेशन पर कटरा रेलवे स्टेशन की तरफ से आने वाली गाड़ी का इंजन रिवर्सल नही होगा जिससे इसमें इसमें लगने वाले समयव ईधन की भी बचत होगी साथ गोरखपुर से वाराणसी के मध्य सीधी कनेक्टिविटी संभव हो सकेगी। तदोपरान्त आपने दर्शन नगर स्टेशन का निरीक्षण करते हुए सभी व्यवस्थाओं के जानकारी प्राप्त की इसके पश्चात आपने अयोध्या कैंट पहुँचकर निर्माणाधीन रनिंग रूम एवं अन्य यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया।

## लखनऊ व्यापार मंडल कोर कमेटी द्वारा सभी प्रकार सर्वे छापे बन्द करने की मांग

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार अग्रवाल वरिष्ठ महामंत्री अमर नाथ मिश्र ने बताया की प्रदेश भर में ळैज के एक साथ छापे डाले जा रहें है.जिससे व्यापारियों में भय व्याप्त है इसका हम कड़ा विरोध करेंगे। महामंत्री पवन मनोचा जी ने कहा कि व्यापारी अपना पूरा टैक्स जमा करने के बावजूद सरकार एवं विभाग द्वारा व्यापारियों को परेशान करने की मंशा से प्रदेश भर में एक साथ छापे डाले जा रहे जिसकी हम घोर निंदा करते हैं विरोध करते हैं। अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार अग्रवाल एवं वरिष्ठ महामंत्री अमरनाथ मिश्र ने अपने संयुक्त बयान में बताया कि जब से GST लागू हुई है तब से टैक्स में बढ़ोतरी हर माह में हो रही है इसके बावजूद व्यापारियों के उत्पीड़न के लिए अधिकारी छापे डाल रहे हैं जब–जब सरकार विभाग से टैक्स बढ़ाने के रास्ते खोजने को कहता है तब तब विभाग छापे डालना चालू कर देते है व्यापार मंडल तमाम बार विभाग एवं सरकार को टैक्स बढ़ाने के सुझाव दिया है उस पर विभाग नजरंदाज कर व्यापारी के यहाँ छापे डालकर उत्पीड़न विभाग कर रहा है। इससे टैक्स की बढ़ौतरी नहीं होगी इससे टैक्स घटेगा। सरकार व्यापारी को मजबूर न करे कि वह सड़क पर उतरकर उग्र आन्दोलन करे लखनऊ व्यापार मंडल सभी प्रकार के सर्वे छापे का कड़ा विरोध करता है यदि सर्वे छापे तत्काल बंद नहीं किए गए तो लखनऊ व्यापार मंडल आंदोलित होगा। सभी बाजारों के अध्यक्ष महामंत्री से कहां की यदि बाजार में किसी की भी दुकान पर सर्वे छापे के लिए अधिकारी आते हैं तो उसका डटकर विरोध कर बहिष्कार करें। और तत्काल लखनऊ व्यापार मंडल को सूचित करें। बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष राजेंद्र कुमार अग्रवाल वरिष्ठ महामंत्री अमरनाथ मिश्र कोषाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता संसदीय महामंत्री विनोद अग्रवाल महामंत्री पवन मनोचा अभिषेक खरे अनुराग मिश्रा उमेश शर्मा सुहेल हैदर अल्वी, रामकुमार वर्मा,भारत भूषण अग्रवाल,मनीष गुप्ता, सुमित गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## बाजार में बवाल की सूचना पर पुलिस हलकान मामला फर्जी निकला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाली क्षेत्र के थानागद्दी बाजार में दो पक्षो के बीच बवाल की सूचना किसी ने कोतवाली और डायल 112 पुलिस को दे दी। आनन फानन में चौकी पुलिस और डायल 112 मौके पर पहुच गई। लेकिन सूचना गलत निकली। पुलिस फर्जी सूचना देने वाले की तलाश कर रही है। थानागद्दी चौकी प्रभारी रोहित कुमार मिश्र ने बताया कि किसी व्यक्ति द्वारा चौकी पुलिस और डायल 112 को सूचना दी कि चौराहे पर दो पक्षों में मारपीट हो रही है।सूचना मिलते ही आनन–फानन में पुलिस मौके पर पहुच गई। चौराहे पर कुछ लोग आपस में खड़े होकर बात कर रहे थे। उन लोगों से बातचीत की गई तो पता चला की यहां किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं हुआ था।हलकान पुलिस राहत की सांस ली और अब फर्जी सूचना देने वाले व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

# भागवत गीता रामायण मानव जीवन के लिए कल्याणकारी –आचार्य मनीष चंद्र त्रिपाठी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शीतला चौकियां ध ााम में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन सुल्तानपुर से पधारे कथा वाचक आचार्य मनीष चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि सनातन धर्म में पवित्र ग्रंथ भागवत गीता रामायण जैसे अनेक ग्रंथ मानव जीवन के लिए कल्याणकारी है। मानव जीवन में जीने की कला सिखाती है गीता, रामायण व भागवत।मोक्ष प्राप्ति का साधन है श्रीमद्भागवत कथा। वेदों का सार है गीता। रामायण जैसे ग्रंथ में बुराई पर अच्छाई की जीत की सबसे बड़ी सीख है बुराई पर हमेशा अच्छाई की ही जीत होती है ।विविधता में एकता,ऐश्वर्य से बढ़कर रिश्घ्ते ,अच्छी संगति का महत्व,सच्ची भक्ति और समर्पितता,माफ करना बदला लेने से अच्छा चरित्र है। सबसे समान व्यवहार भगवान की सच्ची सेवा रामायण जैसे ग्रंथ से ही मानव जीवन की सीख मिलती है।भगवान श्रीकृष्ण ने अपने भक्तों के उद्धार व पृथ्वी को दैत्य शक्तियों से मुक्त कराने के लिए अवतार लिया था। जब–जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती है, भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग व जन्म के गूढ़ रहस्यों को बताया। अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उन्हें अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था।भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और वसुदेव ने भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंचा दिया। भगवान की लीला वे ही समझ सकते हैं। कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया। इस मौके पर उपस्थित हनुमान त्रिपाठी, राधारमण तिवारी, कौशल दुबे,रंजन दुबे, पवन दुबे, राहुल त्रिपाठी, गौरव तिवारी, पंडित सीतारमन शरण जी महाराज, आनंद त्रिपाठी, हरिहर दत्त तिवारी,समेत अनेक लोग कथा पंडाल में मौजूद रहे।

# विदाई एवं काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उप राजस्व अधि ाकारी विशेष न्यायिक दण्डाधिकारी सिंचाई खंड जौनपुर अरविंद कुमार के सेवानिवृत्त होने पर विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों ने विदाई समारोह का आयोजन कार्यालय पर किया। उन्हें स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया। इस दौरान काव्य गोष्ठी भी हुई। विदाई समारोह की अध्यक्षता रामबचन राम सहायक अभियन्ता तथा संचालन अश्विनी कुमार सिंह ने किया। वहीं काव्य गोष्ठी की अध यक्षता कवि डा. प्रमोद वाचस्पति एवं संचालन सभाजीत द्विवेदी प्रखर ने किया। तत्पश्चात अजय कुमार सिंह, इश्तेयाक अहमद, रामसूरत सरोज, रविन्द्र कुमार, देवनारायण शर्मा, ओमप्रकाश तिवारी, रामबचन राम अन्य ने अरविंद कुमार स्वभाव की सराहना किया। काव्य गोष्ठी में शायर अन्सार जौनपुरी, शोहरत जौनपुरी, ई. आरपी सोनकर, आशुतोष पाल, आलोक द्विवेदी शास्त्री, चन्द्रमणि पाण्डेय, अधिवक्ता कवि शकुन्तला शुक्ला अन्य ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति की। श्रोताजन तालियां बजाकर रचनाकारों का उत्साहवर्धन करते रहे। इस अवसर पर प्रमोद पाठक, राजेश गुप्त, शिवकुमार यादव, श्यामबहादुर सरोज, प्रदीप सिंह, जिलेदार, विनोद, धर्मेन्द्र कुमार, जयशंकर दूबे, विपिन कुमार सिंह, राकेश कुमार, रामजीत राजभर, शिवराम मिश्र, ओमकार सिंह, दीपक कुमार, संजय यादव आदि उपस्थित रहे।

## चाकू से हमले में युवक घायल : तीन पर मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी क्षेत्र के दरापुर गांव के संस्कृत विद्यालय और मानिकपुर गांव के पास मंगलवार रात को गांव के एक युवक को बाइक सवार तीन लोग चाकू से मारकर घायल कर दिए पुलिस तीन पर मुकदमा दर्ज किया है।घायल युवक को सीएचसी इलाज के लिए रेफर कर दिया।घटना के कारण का पता नही चला। दरापुर गांव के ही सत्यम तिवारी संस्कृत विद्यालय पर 8 बजे खड़े थे बाइक सवार तीन लोग पीछे से आकर चाकू से हमला कर दिये हमले में सत्यम के हाथ और पैर में कई जगह चोट आई वे लहूलुहान होकर गिर गये। शोर मचाने पर तीनों वहां से भाग गये सूचना पर पहुचे स्वजन इलाज के लिये सीएचसी बरसठी लाये गंभीर चोट पर जिला अस्पताल रेफर कर दिये। पुलिस मुलायम यादव और जय प्रकाश यादव निवासी मानिकपुर थाना बरसठी के साथ एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि तीन लोगों के खिलाफ धारा 324 का मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है।

## जनपद के थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए 13 वारंटी व 01 वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद की कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराध/अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु वरिष्ठ पुलिस अध ीक्षक जौनपुर, श्री अजय साहनी के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान चलाया गया, जिसके अन्तर्गत समस्त क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में जनपद के थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए 13 वारंटी व 01 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसका थानावार विवरण निम्न है–

1.थाना सिकरारा पुलिस टीम द्वारा मु0नं0–3040/2020 धारा 120बी, 420 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त संजय सरोज पुत्र पतिराम सरोज निवासी ताहीरपुर थाना सिकरारा जिला जौनपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर के मा0 न्यायालय भेजा गया।

2.थाना गौराबादशाहपुर पुलिस टीम द्वारा मु0न0–146/2013 ध ारा–420,120ठ भादवि मे वारण्टी चिरौंजीलाल पुत्र स्व0 लल्लन निवासी ग्राम पिलखिनी थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर को उसके घर स्थित ग्राम पिलखिनी से गिरफ्तार किया गया ।

3.थाना चंदवक पुलिस टीम द्वारा मु0नं0 1055/20 धारा 323/504 भादवि0 में वारण्टी सतीश पुत्र सदलू राम निवासी पडरक्षा थाना चन्दवक जनपद जौनपुर को उनके घर से गिरफ्तार किया। थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया।

4.थाना शाहगंज पुलिस टीम द्वारा मु0नं0–163/2022 धारा 147/323, 504, 506 भादवि से सम्बन्धित वारांटी अभियुक्त रामलाल पुत्र लौजारी नि0 सिधाई थाना शाहगंज जनपद जौनपुर व मु0नं0 923/2016 धारा 323/427/452/504/506 से सम्बन्धित वारांटी अभियुक्त अशोक पुत्र बाबूराम निवासी कौडिया थाना शाहगंज जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0 न्यायालय भेजा गया।

5.थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मु0नं0–970/19 ध ारा–498ए/306 भादवि में वांछित अभियुक्त नवनीत पुत्र प्रेमकुमार निवासी उर्दू बाजार थाना कोतवाली जनपद जौनपुर गिरफ्तार किया गया ।आवश्यक विधिक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया।

6. थाना बक्शा पुलिस टीम द्वारा मुकदमा नंबर 323/06 धारा –323 504 506 427 भादवि से संबंधित दो वारंटी अभियुक्त सुरेंद्र प्रताप सिंह पुत्र राम लखन सिंह निवासी वैशपार थाना बक्सा व महेंद्र कुमार सिंह पुत्र राम लखन सिंह निवासी बैसपार थाना बक्सा को उनके घर से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

7.थाना सुरेरी पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0–128/2022 धारा–302 में वांछित अभियुक्त संतोष कुमार कनौजिया पुत्र छोटेलाल कनौजिया निवासी सरायडीह थाना सुरेरी जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

8.थाना पवारा पुलिस टीम द्वारा मु0नं0–502/22 धारा–323/504 भा0द0वि0 से सम्बन्धित अभियुक्त 1. नन्दलाल पुत्र गब्बर 2. विनोद पुत्र रामनरेश नि0गण सोंगरा थाना पवांरा जनपद जौनपुर को उनके घर के सहन दरवाजे से गिरफ्तार किया गया। थाना स्थानीय पर विधि ाक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया।

9.थाना खेतासराय पुलिस टीम द्वारा तीन वारांटी अभियुकत 1. हरिमोहन पुत्र पंचम निवासी खुदौली थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 2.राजमन पुत्र रामाश्रय 3.रामाश्रय पुत्र स्व0 रामाधार निवासीगण गुरैनी थाना खेतासराय जनपद जौनपुर को उनके घर से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया।

# रेल चटकने से डेढ़ घंटे खड़ी रही मालगाड़ी : बदलापुर–प्रयागराज मार्ग पर लगा जाम यात्री परेशान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जफराबाद–सुल्तानपुर रेलप्रखंड तथा बदलापुर–प्रयागराज राज मार्ग पर स्थित रेलवे क्रासिंग 23 सी पर गुरुवार को रेल पटरी चटकने तथा , हैंगिंग पार्ट लटकने तथा ब्रेक बाइंडिंग के चलते लगभग डेढ़ घंटे तक मालगाड़ी खड़ी रही! परिणामस्वरूप सड़क यातायात बंद रहा। लोग अपने गंतव्य को जाने के लिए परेशान रहे। सुल्तानपुर से वाराणसी जा रही लांग हाल मालगाड़ी जैसे ही उक्त क्रासिंग पर 5.40 पर सुबह पहुंची तभी मेठ रामसरन ने ट्रेन से लटकता एक हैंगिंग पार्ट देखा। तुरंत लाल झंडी दिखाकर उसने ट्रेन को रोक दिया। ट्रेन रुकते ही कर्मियों ने देखा पटरी भी फ्रैक्चर थी। आनन–फानन में रेलकर्मियों ने हैंगिंग पार्ट व फ्रैक्चर पटरी को ठीक किया। तब डेढ़ घंटे बाद 7.07 बजे मालगाड़ी अपने गंतव्य को रवाना हुई।इस दौरान बदलापुर–शाहगंज मार्ग पर सड़क यातायात बंद हो गया है। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। लोग अपने गंतव्य को जाने के लिए परेशान दिखे। इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार यादव ने बताया कि रेल पटरी फ्रैक्चर होने तथा मालगाड़ी में हैंगिंग पार्ट लटकने से ट्रेन खड़ी थी।

# कोचिंग सेंटर से आ रही छात्रा की पिकअप के धक्के से मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाली क्षेत्र के सरायबीरू रेलवे स्टेशन रोड पर बुधवार की सुबह दस बजे कोचिंग से पढ़कर घर जा रही छात्रा की पिकअप के धक्के से मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस ने ड्राइवर व पिकअप को कब्जे में ले लिया। वंशिका विश्वकर्मा पुत्री धनन्जय विश्वकर्मा उम्र 17 वर्ष थी, नगर के कोचिंग सेंटर से पढ़कर साइकिल से अकबरपुर गांव अपनेघ् घर जा रहीघ् थी, स्टेशन रोड के पास जब वह पंहुची तो पीछे से तेज गति से जा रही पिकअप धक्का मारते हुए उसके ऊपर से भाग निकली। घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। कुछ दूर जाने पर ग्रामीणों ने ड्राइवर को पकड़ लिया। घटना स्थल पर काफी भीड़ इकट्ठा हो गयी, पुलिस ने पंहुचकर भीड़ को समझा बुझाकर हटाया, ड्राइवर व पिकअप को कब्जे में ले लिया। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक केराकत संजय वर्मा ने की पिकअप पकड़ा गया है शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजकर मुकदमा दर्ज किया जा रहा।

# सेंध काटकर इलेक्ट्रॉनिक की दूकान दो लाख की चोरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बीती रात चोरो ने इलेक्ट्रॉनिक की दूकान में सेंध काटकर दो लाख का माल पार कर दिया ।भुक्तभोगी ने घटना की तहरीर थाने मे दे दी है। पुलिस घटना की तहकीकात कर रही है। थाना क्षेत्र गड़ियवा निवासी रामकुमार पटेल का नई बाजार बेलवार मार्ग पर आर0के0 इलेक्ट्रॉनिक के नाम से दूकान है।मंगलवार की रात वह अपनी दूकान बंद करके घर सोने चले गये थे।रात मे चोर दूकान के पीछे से सेंध काटकर अंदर घुस गये और दूकान मे रखा नया पंखा,फर्राटा फैन,इंडक्शन चूल्हा,केबल तार ,पाईप व अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान उठा ले गये।चोरी गये सामानों की कीमत करीब दो लाख बताई जा रही है।घटना की जानकारी दूकान मालिक को सुबह हुई जब वह दूकान खोलने आए ।शटर खोलकर अंदर घुसे तो सारा सामान बिखरा पड़ा था और दूकान से कीमती सामान गायब थे।पीछे जाकर देखा तो सेंध ा कटी थी।घटना की फौरन थानाध्यक्ष रमेश यादव को दी ।पुलिस मौक पर पहुंची और घटना की तहकीकात मे जुट गई है।

# एम्बुलेंस में सफलता पूर्वक ईएमटी ने कराया प्रसव : जच्चा बच्चा सुरक्षित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के प्रसाद तिराहे के पास 108 एम्बुलेंस के ईएमटी व पायलट ने एक गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। जच्चा व बच्चा दोनों पूर्ण रूप से सुरक्षित है। मुफ्तीगंज ब्लॉक क्षेत्र के घुरहूपुर गांव निवासी उमेश कुमार की पत्नी ममता देवी (27) को बुधवार को सुबह चार बजे प्रसव पीड़ा शुरू हुआ। ममता देवी के परिजनों ने 108 एम्बुलेंस को कॉल कर के अस्पताल के जाने के लिए सूचना दिया। 108 एम्बुलेन्स ममता देवी को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुफ्तीगंज के लिए निकलें। सीएचसी के चिकित्सकों ने उक्त प्रसूता को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एम्बुलेंस जैसे ही गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के प्रसाद तिराहे के पास पहुचा तभी ममता देवी को तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गया। इस दौरान ई एम टी संतोष कुमार यादव व पायलट प्रेम नाथ वर्मा ने ममता की डिलीवरी एम्बुलेंस में ही सुरक्षित रूप से करवाया। डिलिवरी के बाद ईएमटी संतोष कुमार यादव ने नवजात को जिला अस्पताल ले जाकर उपचार कराने के बाद घर भेज दिया। जच्चा व बच्चा दोनों पूर्ण रूप से स्वस्थ और सुरक्षित है।

### ब्लाक परिसर में गेहू न मिलने से किसानों में निराशा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि ा में रजिस्ट्रेशन कराने वाले किसानों को ब्लाक परिसर में राजकीय कृषि बीज भंडार से बुआई के लिए मिलने वाले गेहू, सरसो, मसूर आदि का बीज बुआई के लिए आधार कार्ड पर मिल जाता है, जिससे बुआई के सीजन में किसानों के ऊपर ज्यादा दबाव नही पड़ता, आर्थिक रूप से कमजोर किसान ब्लाक परिसर से गेहू लेकर बुआई कर लेते हैं लेकिन ब्लाक परिसर में गेहू खत्म होने से रोज दर्जनों किसानों के हाथ मायूसी लग रही है, किसान राजेश ने बताया की ब्लाक पर गेहू न मिलने से बुआई के लिए आर्थिक समस्या उत्पन्न हो रही है। इस सम्बंध में राजकीय कृषि बीज भंडार प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि 25 नवम्बर से गेहू नही है और अब आने की संभावना भी नही है क्योंकि जिले पर अब स्टॉक समाप्त हो गया है, बताया कि 504 कुंटल गेंहू आया था जो वितरण हो गया है, 10 कुंटल और आ जायेगा तो कुछ और जरूरतमंद किसान है जो उनकी पूर्ति हों जायेगी।

# भूमि विवाद में बेटों ने पिता और बुआ को लाठी डंडे से पीट कर किया घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के सलोनी महिमापुर गांव में बुधवार की सुबह हुए भूमि विवाद में गांव निवासी पलक धारी 62 व उनकी बहन शालू देवी 30 को बेटों ने लाठी डंडे से पीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। सूचना पर पहुची डायल 112 की पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया। शालू देवी का सिर फट गया है तथा उसकी एक उंगली फट गई है। इस संदर्भ में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### अराजकतत्वों ने फूंका खेत में खड़ी गन्ने की फसल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बुढ़नेपुर गांव में मंगलवार की देर रात अराजकतत्वों ने खेत में खड़ी दस बिस्वा गन्ने की फसल में आग लगा दिया। ग्रामीणों के पहुंचने तक आग खेत में चारों तरफ फैल गई। पीड़ित किसान ने थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। गांव निवासी शंकर यादव अपने घर से लगभग पांच सौ मीटर दूर खेत में गन्ने की फसल बोए थे। रात लगभग 11 बजे अचानक आग की लपटे उठने लगी। शीवान की तरफ उजाला देख ग्रामीण उधर भागे। वहां चट– चट की आवाज के साथ गन्ने की फसल जल रही थी। ट्यूबवेल चलाकर फसल पर पानी फेंका गया। लेकिन आग से फसल का बचाव नहीं किया जा सका।

# एक वारंटी को पुलिस ने भेजा जेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक अजय कुमार साहनी द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत गौराबादशाहपुर थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में थाने के उप निरीक्षक शिव राज यादव ने गैर जमानती वांछित वारंटी चिरौंजी लाल पुत्र स्व0 लल्लन निवासी पिलखनी थाना गौराबादशाहपुर को घर से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक शिव राज यादव, मुख्य आरक्षी सुरेंद्र सिंह, प्रेम चंद आदि रहे। थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि उक्त वारंटी काफी दिनों से न्यायालय में उपस्थित नही हो रहा था। न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# कंबल से मुंह ढंककर सोते हैं तो रहें अलर्ट : ब्रेन को नहीं मिलती ऑक्सीजन व फेफड़ों को नुकसान

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डॉ. कल्पना सिंह (संदीप नैचुरोपैथी हॉस्पिटल) द्वारा बताया गया कि सर्दियों में खुली हवा में सांस लें सर्दियां शुरू हो चुकी है। ठंड भी ध ीरे–धीरे बढ़ती जा रही है। लोग सुबह–शाम ही नहीं, दिन में भी गर्म कपड़े पहन रहे हैं। कई बार लोग ठंड से बचने के लिए रात में स्वेटर, सिर में टोपी और पैरों में ऊनी मोजे लगाकर सो जाते हैं। लेकिन ऐसा करना स्वास्थ्य के लिहाज से ठीक नहीं है। लंबे समय तक ऐसा करना खतरनाक हो सकता है। आमतौर पर सोने का ये रूल है मुंह ढंका हुआ नहीं होना चाहिए। ठंड कितनी भी क्यों न पड़े, सिर ढंककर सोने से ब्रेन के काम करने की क्षमता कम हो जाती है। ब्रेन को कम ऑक्सीजन मिलती है। 1.सिकुड़ने लगते हैं फेफड़े सिर से लेकर पांव तक ढंककर सोने से फेफड़े पर सबसे ज्यादा बुरा असर पड़ता है। रोज 6 से 8 घंटे महीने भर तक कोई इस तरह सोता है तो उसके फेफड़े सिकुड़ने लगते हैं। यानी फेफड़ों में गैस एक्सचेंज का जो काम होता है वह ठीक से पूरा नहीं होता। इसके गंभीर परिणाम भी हो सकते हैं जैसे–अस्थमा का रोगी बनना, सुस्ती छाना, डिमेंशिया से पीड़ित होना और लगातार सिर दर्द होना। अगर व्यक्ति पहले से ही अस्थमा का रोगी है या सांस लेने में परेशानी है तो सिर ढंककर सोना घातक हो सकता है। 2. सफोकेशन से नींद भी हो सकती है डिस्टर्ब सिर ढंककर सोने से सफोकेशन होने लगती है। घर में आमतौर पर लोग मच्छरों से बचने के लिए अगरबत्ती या लिक्विड क्वॉयल जलाते हैं। इसका धुआं पूरे कमरे में फैल जाता है। ठंड के दिनों में वेंटिलेशन भी प्रॉपर नहीं होता। खिड़कियां बंद रहती हैं।



इसलिए कमरे में वैसे भी शुद्ध हवा नहीं रहती। कंबल या रजाई के अंदर पहले से ही ऑक्सीजन की कमी होती है ऊपर से कमरे में फैला धुआं। कुल मिलाकर सफोकेशन होने लगता है। यह स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं होता। 3.स्किन अलर्जी होने लगती है शुद्ध हवा की कमी होने से डस्ट पार्टिकल्स भी बढ़ जाते हैं। इससे स्किन पर बैक्टीरिया पर प्रभाव पड़ने लगता है। स्किन पर रैशेज आने लगते हैं। नियमित रूप से सिर ढंककर सोने से स्किन अलर्जी होने लगती है। 4. मोजो पहनकर भी न सोएं रात में पैरों को खुला रखना स्वास्थ्य के लिहाज से ज्यादा बेहतर है। अगर पैरों में ऊनी मोजे पहनते हैं तो शरीर में ब्लड सर्कुलेशन कम हो सकता है। मोजे की वजह से शरीर का तापमान भी बढ़ जाता है। इससे पैरों की मांसपेशियों में खिंचाव आने लगता है। 6 से 8 घंटे तक इस तरह सोने से परेशानी बढ़ जाती है। सोकर उठने के बाद कई लोगों को पैरों में झनझनाहट या अकड़न होने लगती है। कई बार लोग वही मोजे पहनकर सोते हैं जो उन्होंने दिन में पहन रखे थे। ऐसे में धूल और मिट्टी भी स्किन को नुकसान पहुंचाती है। इससे स्किन एलर्जी भी हो सकता है।

## दो सौ मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में फलक ने मारी बाजी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर के गांव कोदहूं में स्थित विज्ञान संजीवनी सेंट्रल कालेज में पांच दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बुधवार देर शाम चले पहले दिन प्रतियोगिता में ग्रीन,रेड ,ब्लू,एलो चार हाउसों ने विभिन्न खेलों का बेहतर प्रर्दशन किया। जिसमें दो सौ मीटर दौड़ में सीनियर बालिका वर्ग में रेड हाउस के फलक पाल तथा बालक वर्ग में रेड हाउस के सुधीर यादव ने बाजी मारी। दौ मीटर दौड़ में जूनियर बालक वर्ग ग्रीन हाउस के निश्चल पाण्डेय ने तथा जूनियर बालिका वर्ग के एलों हाउस के सोनाली पटेल ने बाजी मारी। स्लो साइकिलिंग बालक वर्ग ब्लू हाउस के अश्विनी यादव तथा बालिका वर्ग में नंदनी जायसवाल ने बाजी मारी। पूर्व में खेल का शुभारंभ मुख्यातिथि पूर्व पायलट ऑफिसर राधेश्याम पाण्डेय ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी शारीरिक विकास के अति आवश्यक है। निर्णायक भूमिका महेश चौरसिया, सीमा शुक्ला, अभिषेक मिश्रा व दीपक पाण्डेय निभाई। विद्यालय के सह डायरेक्टर श्वेता पाण्डेय व प्रध ाानाचार्य पंकज खन्ना ने प्रतिभाओं को प्रशस्तिपत्र दे कर सम्मानित किया। मुख्य रूप से धर्मराज यादव, सुनील मिश्रा, नगेन्द्र यादव मौजूद थे।

# परीक्षा का पता नहीं आयोग ने भर्ती के नाम पर प्रतियोगियों से कमाए अरबों रुपये

प्रयागराज ब्यूरो : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड ने प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में सहायक अध यापक (टीजीटी)/प्रवक्ता (पीजीटी) भर्ती–2022 के तहत आवेदन शुल्क से तकरीबन एक अरब रुपये कमा लिए, लेकिन भर्ती परीक्षा का कोई अता–पता नहीं है। अभ्यर्थी अब परीक्षा तिथि के लिए चयन बोर्ड के चक्कर लगा रहे हैं। आवेदन की प्रक्रिया 16 जून से 16 जलाई तक चली। बाद में इसे 16 अगस्त तक बढ़ा दिया गया था। टीजीटी/पीजीटी–2022 के तहत चयन बोर्ड को अब तक 4163 पदों का अधियाचन मिला है। इनमें टीजीटी के 3539 और पीजीटी के 624 पद शामिल हैं। टीजीटी के लिए तकरीबन 8.69 लाख और पीजीटी के लिए चार 4.50 लाख आवेदन आए हैं। अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग से आवेदन शुल्क के रूप में 750 रुपये और दूसरे आरक्षित वर्गों के अभ्यर्थियों से 550 रुपये लिए गए। प्रतियोगी छात्रों का कहना है कि अगर आवेदन शुल्क का हिसाब लगाया जाए तो चयन बोर्ड को प्रतियोगियों से मिले आवेदन शुल्क के रूप में कम से कम एक अरब रुपये की कमाई हुई होगी। बोर्ड को इतनी बड़ी रकम का ब्याज भी मिल रहा होगा, लेकिन चयन बोर्ड परीक्षा तिथि घोषित नहीं कर पा रहा है। बोर्ड में सदस्यों के सभी 10 पद आठ अप्रैल 2022 से खाली पड़े हैं। आठ महीने पूरे होने वाले हैं और सदस्यों के रिक्त पद



नहीं भरे गए, जबकि सदस्यों की भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया 14 मई 2022 को ही पूरी हो चुकी है। कोरम पूरा न हो पाने के कारण भर्ती अटकी हुई है। वहीं, जबकि टीजीटी/पीजीटी–2022 के लिए आवेदन की प्रक्रिया 16 अगस्त को पूरी हो चुकी है। प्रतियोगी छात्रों का कहना है कि अगस्त में बोर्ड के अध्यक्ष से हुई वार्ता में आश्वासन मिला था कि भर्ती इसी वर्ष पूरी की जाएगी, लेकिन अभी परीक्षा का भी कोई अतापता नहीं। अध्यक्ष ने आज मिलने का दिया समय टीजीटी/पीजीटी भर्ती की परीक्षा तिथि घोषित किए जाने और पदों की संख्या में वृद्धि के लिए पोर्टल पुनः खोले जाने के मुद्दे पर प्रतियोगी छात्र मोर्चा ने चयन बोर्ड के अध्यक्ष से वार्ता के लिए समय मांगा था। मोर्चा के अध्यक्ष विक्की खान ने बताया कि बोर्ड के अध्यक्ष ने इन मुद्दों पर वार्ता के लिए आठ दिसंबर को दोपहर 12 बजे का वक्त दिया है। प्रतियोगी छात्रों का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष से मिलकर इन मुद्दों को उनके समक्ष रखेगा।

### संतकबीरनगर में बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने रौंदा : मौत

गोरखपुर ब्यूरो : संतकबीरनगर जिले में बुधवार रात महुली क्षेत्र के कटका गांव के पास बाइक से बरात से घर लौट रहे दो युवकों की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। दोनों युवक एक ही गांव के निवासी थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भेज दिया। घटना से पीड़ितों के घर कोहराम मच गया। महुली क्षेत्र के घोरही निवासी 24 वर्षीय नीरज पुत्र सरवन और 18 वर्षीय विशाल पुत्र दिनेश दोनों दोस्त थे। दोनों युवक जिला अस्पताल खलीलाबाद में संविदा कर्मी के रूप में तैनात थे। बुधवार की देर शाम नीरज और विशाल बाइक से दोस्त की बरात में गोरखपुर जिले के हदपुर बुदहट क्षेत्र के पचौरी गांव में शामिल होने गए थे। बरात गोरखपुर जिले के ही बिगही से आई थी। बरात में शामिल होने के बाद देर रात दोनों घर लौट रहे थे। अभी महुली क्षेत्र के मैनसिर–मोलनापुर मार्ग पर कटका गांव के निकट पहुंचे ही थे। उसी दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में नीरज और विशाल की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊा भेजवा। एसओ संतोष मिश्रा ने बताया कि इस मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। दोस्तों की मौत से गांव में छाया मातम घोरही निवासी नीरज और विशाल की मौत से गांव में मातम छा गया। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही दोनों शव गांव पर पहुंचा वैसे ही कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि नीरज का विवाह करीब डेढ़ वर्ष पूर्व हुआ था। जबकि विशाल अविवाहित था। मृतक नीरज के पिता सरवन कृषि विभाग में कर्मी है। जबकि विशाल के पिता दिनेश दिल्ली में मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करते हैं। नीरज की मौत से पत्नी अपने मासूम बच्चे प्रियांशु को गोद में लेकर रो रही थी। गांव के लोग भी गमगीन थे।

## छात्रों को भी मिलेगी शोधपत्र के लिए आर्थिक मदद : केजीएमयू में विद्यार्थियों की सहूलियत के लिए निर्णय

लखनऊ ब्यूरो : केजीएमयू अपने विद्यार्थियों को मेडिकल की पढ़ाई के साथ ही शोध की दिशा में भी आगे बढ़ने का मौका दे रहा है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की कॉन्फ्रेंस में यदि किसी छात्र का पेपर पढ़ने के लिए स्वीकृत होता है तो केजीएमयू उसे आने–जाने के साथ ही पंजीकरण राशि की प्रतिपूर्ति भी करेगा। यह सुविधा मेडिकल के साथ ही डेंटल और नर्सिंग के शीर्ष दो–दो विद्यार्थियों को मिलेगी। केजीएमयू कुलपति ले. जनरल डॉ. बिपिन पुरी ने बताया कि विद्यार्थियों को शोध के लिए प्रेरित करने के लिए यह योजना शुरू की गई है। इस योजना का लाभ लेने के लिए डीन स्टूडेंट वेलफेयर के पास आवेदन करना होगा। एक समिति उसका परीक्षण करेगी। इसके आधार पर लाभार्थी का चयन किया जाएगा। एक बार चयन होने के बाद स्टूडेंट को कॉन्फ्रेंस की पंजीकरण राशि के साथ ही आने–जाने के खर्च की भी प्रतिपूर्ति की जाएगी। डेंटल की चार छात्राओं की पूरी फीस देंगे पूर्व छात्र केजीएमयू के डीन डेंटल प्रो. एपी टिक्कू ने बताया कि डेंटल एल्युमिनाई एसोसिएशन ने आर्थिक रूप से कमजोर चार छात्राओं की पूरी फीस जमा करने का फैसला किया है। इस साल इसके लिए चुनी गईं चारों छात्राओं के खाते में एक साल की फीस जमा की जा चुकी है। इसके साथ ही विभिन्न पाठ्यक्रमों में टॉप करने वाले विद्यार्थियों की



पूरी एक साल की फीस माफ करने की योजना भी शुरू की गई है। इससे विद्यार्थी पढ़ाई में और अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। कैंपस में ही पार्ट टाइम जॉब की सुविधा डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. आरएन श्रीवास्तव ने बताया कि केजीएमयू में शिक्षा प्राप्त कर रहे आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को कैंपस में ही पार्ट टाइम जॉब की सुविधा भी दी गई है। इसकी योजना इस तरह से तैयार की गई है कि उनकी पढ़ाई का भी नुकसान न हो। इसकी शुरुआत कर दी गई है। इसमें विभिन्न कॉन्फ्रेंस और अन्य आयोजनों में इन स्टूडेंट्स को काम दिया जाएगा।

## इलाज से पहले पता चलेगा दवा का प्रभाव और दुष्प्रभाव

लखनऊ ब्यूरो : हर व्यक्ति की शारीरिक संरचना अलग–अलग है। इसलिए जरूरी नहीं है कि जो दवा एक मरीज पर असर करे वही दूसरे पर भी उतनी प्रभावी हो। ऐसे में अगर इलाज से पहले ही यह पता चल जाए कि किस मरीज पर कौन सी दवा असर करेगी और कौन सी नुकसान तो डॉक्टर के लिए काफी आसानी हो जाएगी। जेनेटिक प्रोफाइलिंग से यह काम आसान हो सकता है। केजीएमयू में बुधवार को प्रिसीजन मेडिसिन पर आयोजित सिंपोजियम में डॉ. डी हिमांशु ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एचआईवी में एचएल टाइप जीन में साइड इफेक्ट ज्यादा होते है। इसी तरह स्ट्रोक के मरीजों में कुछ जीन पर एस्प्रिन काम नहीं करती। ऐसे में मरीज की जीन प्रोफाइलिंग काफी अहम रोल अदा कर सकती है। प्रो. धावेंद्र कुमार ने बताया कि पहले की तुलना में जीन प्रोफाइलिंग काफी सस्ती और आसान हो गई है। पांच साल पहले तक इसके लिए दो लाख रुपये तक खर्च होते थे, लेकिन अब यह टेस्ट महज 30 हजार में ही होने लगा है। केजीएमयू की प्रिसीजन मेडिसिन सेंटर की इंचार्ज डॉ. अमिता जैन ने बताया कि अब तक बायोमार्कर से टेस्ट करके मरीजों को इलाज मुहैया कराया जा रहा है, लेकिन जीन टेस्ट से हर मरीज पर दवा का प्रभाव पता किया जा सकता है। कैंसर, टीबी और क्रिटिकल केयर के गंभीर मरीजों में यह बेहतर काम करेगी।

## पैसे काटे : नहीं की जलपान व्यवस्था : हंगामा

लखनऊ ब्यूरो : बख्शी का तालाब में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत ब्लॉक के पास बुधवार को हुए कार्यक्रम में 56 जोड़ों ने सात फेरे लिए। इस दौरान कुछ दूल्हों और उनके परिवारीजनों ने आरोप लगाया कि कैटरिंग, टेंट और विवाह पूजन के नाम पर अनुदान में कटौती की गई। इसके बावजूद जलपान की व्यवस्था पर उन्हें ही पैसे खर्च करने पड़े। इसे लेकर हंगामा भी किया। बाराबंकी के भदेसिया निवासी अनुराज की शादी नरौसा के गंगाराम की बेटी सुशीला से हुई। अनुराज का आरोप था कि अनुदान से पैसे काटे गए, लेकिन अपनी जेब से रिश्तेदारों को जलपान कराना पड़ा। दुल्हन पक्ष से आए दिगोई निवासी बिंद्र प्रसाद का आरोप था कि 12 बराती बुलाए थे। खुद पैसे खर्च कर चाय–नाश्ता कराना पड़ा। इटौंजा के जमखनवा निवासी अशोक कुमार ने बताया कि भांजे की शादी में आए थे। लेकिन अव्यवस्था देखकर 300 रुपये खर्च कर नाश्ता करवाया। इटौंजा के बनौगा निवासी राकेश अपने साले के कार्यक्रम में थे। बताया कि सचिव ने कहा था कि 12 लोगों के खाने और नाश्ते का टोकन मिलेगा, लेकिन सुबह चाय के बाद न कुछ नहीं दिया गया। आरोप है कि कार्यक्रम के लिए लाभार्थियों के कोटे से 3.36 लाख की कटौती की गई थी, लेकिन व्यवस्था चौपट रही। भवानी मंडप और रेस्टोरेंट को दी गई थी जिम्मेदारी एडीओ समाज कल्याण सुहैल अहमद सिद्दीकी ने बताया कि योजना के तहत मिलने वाले 51 हजार के अनुदान में 35 हजार रुपये लाभार्थी के खाते में भेज दिए जाएंगे। दस हजार रुपये में एक कुकर, ब्रीफकेस में दूल्हा–दुल्हन के कपडेध्–जूते का सेट, बीस लीटर स्टील की टंकी और कंबल है। छह हजार रुपये प्रति लाभार्थी से टेंट कैटरिंग और विवाह पूजन के लिए अनुदान में कटौती की गई है। टेंट और कैटरिंग की जिम्मेदारी भवानी मंडप एवं रेस्टोरेंट को सौंपी गई थी।

## पेंशन पुनरीक्षण में प्रसाशान की शिथिलता पर पेंशनर्स आक्रोशित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश शाखा जौनपुर की पूर्व से निर्धारित मासिक बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पेंशनर्स भवन में जनपद अध्यक्ष सी बी सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 17 दिसम्बर को होने वाले पेंशनर्स दिवस में संगठन की भागीदारी पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में शासनादेश के बाद भी पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स की पेंशन पुनरीक्षण के कार्य को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा ध्यान न देने के कारण बड़ी संख्या में लम्बित होने पर आक्रोश व्यक्त किया गया, साथ ही जिला प्रशासन से यह मांग किया गया कि अभियान चला कर पेंशनर्स के लम्बित पुनरीक्षण कार्य को शीघ्र पूरा किया जाय। इसके साथ ही चिकित्सा प्रतिपूर्ति की कार्यवाही में विभागीय कार्यालयाध्यक्षो, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं कोषागार से समयबद्ध कार्यवाही की मांग की गयी।ध बैठक में विभिन्न विभागों सेध सेवा निवृत्त बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से सर्वश्री औंकार मिश्रा, केध के त्रिपाठी, कंचन सिंह, राम अवध लाल, एस यन सिंह, ई0पीध के सिंह, रमेश, ओमप्रकाश सिंह, मिथलेश जायसवाल, कृपा शंकर उपाध्याय, शम्भु नाथ यादव, राम आसरे रजक, मन्जूरानी राय, नन्दलाल सरोज, राम आसरे प्रजापति, डॉक्टर भारत यादव, दिनेश सिंह, विक्रमा जीत यादव, गोरखनाथ माली, लालजी मौर्य आदि ने बैठक को सम्बोधित किया। बैठक का संचालन राजेन्द्र प्रसाद सिंह बरिष्ठ उपाध्यक्ष ने किया।

## समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मैनपुरी उपचुनाव मे डिंपल यादव की ऐतिहासिक जीत से कार्यकर्ताओं में हर्ष

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मैनपुरी उपचुनाव मे श्रीमती डिंपल यादव के ऐतिहासिक जीत पर सपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव को कार्यकर्ताओं नेताओं ने माला पहना कर मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े के साथ जमकर जीत का जश्न मनाया वहीं लाल बहादुर यादव ने कहा यह जीत निश्चित रूप से नेताजी को सच्ची श्रद्धांजलि देने का काम की है जहां शासन प्रशासन ने इस चुनाव खूब खेला करना चा रही थी लेकिन मैनपुरी की महान जनता ने साहस का परिचय देते हुए अपने वोटों को देकर नेताजी को श्रद्धांजलि देने का काम किया अब जनता जाग गई है आने वाले चुनाव में इस देश से भारतीय जनता पार्टी की सफाई करने के लिए तैयार है जनता इस उपचुनाव यह संदेश दिया है कि अब बेरोजगारी नहीं बर्दाश्त करेगा महंगाई नहीं बर्दाश्त करेगा लूट हत्या बल्तकार नहीं बर्दाश्त करेगा जनता विकास के रास्ते पर वोट देना चाह रही है जिस तरह रामपुर में लगातार समाजवादी पार्टी बढ़त बनाई हुई थी लेकिन प्रशासन द्वारा हेराफेरी कर सपा



प्रत्याशी को हराया गया यह लोकतंत्र की हत्या की गई है गठबंधन खतौली भी समाजवादी गठबंधन के खाते में गई इससे जनता का जनादेश अब भारतीय जनता पार्टी को समझ लेना चाहिए मुख्य रूप से हिसामुद्दीन शाह, श्याम बहादुर पाल, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, श्रवण जयसवाल,गप्पू मौर्या,रुक्सार अहमद, गजराज यादव, अनवारुल गुड्डू,अलमाश,कमालुद्दीन अंसारी, आरीफ हबीब, दिनेश फौजी, इकबाल अहमद,अशलम खान,राजकुमार बिन्द, रियाज आलम, सोनी यादव अजीज फरीदी,रतन साहू, आदि लोग उपस्थित रहे।

## वंचित बच्चों व गर्भवती महिलाओं के लिए चलेगा विशेष टीकाकरण अभियान

लखनऊ ब्यूरो : बच्चों व गर्भवती महिलाओं के लिए जनवरी से विशेष टीकाकरण अभियान चलेगा। पहले छूटे बच्चों को ढूंढ़ने के लिए सर्वे कराया जाएगा। उसके बाद टीकाकरण का खाका तैयार कर अभियान चलेगा। जिससे छूटे सभी बच्चों और गर्भवती महिलाओं को टीके लगाए जा सकें। यह निर्देश उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने टीकाकरण अभियान की समीक्षा करते हुए सभी जिलों के सीएमओ को दिए। पाठक ने कहा कि प्रदेश में हर साल करीब 56 लाख प्रसव हो रहे हैं। ऐसे में सरकारी अस्पतालों में महिलाओं एवं शिशुओं के मुफ्त टीकाकरण में किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। कोरोना काल की वजह से टीकाकरण अभियान प्रभावित हुआ। ऐसे में जनवरी से विशेष अभियान चलाकर टीकाकरण का लक्ष्य पूरा किया जाएगा। आशा व एएनएम की मदद से टीकाकरण से छूटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की पहचान की जाएगी और फिर उनका टीकाकरण किया जाएगा। ब्लॉक स्तर पर तैयार करें खाका पाठक ने निर्देश दिया कि सीएमओ ब्लॉक व शहरी स्तर पर टीकाकरण अभियान का खाका तैयार करें। जनवरी




से अभियान चलाएं। जेई के लिए मोबाइल एप ई–कवच एप पर टीकाकरण योग्य बच्चों की सूची बनाएं। नौ माह से 15 वर्ष तक के बच्चों का जेई टीकाकरण करें। पीसीवी वैक्सीन का टीकाकरण अभियान चरणबद्ध तरीके से सभी जिलों में चलाया जाए। इसके अलावा विटामिन ए की खुराक पिलाई जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों की अच्छी सेहत के लिए अभिभावक सभी टीके लगवाएं। इससे बच्चों को संक्रमण व दूसरी गंभीर बीमारियों से बचा सकते हैं।

## पुलिसकर्मी बन लूट रहा 50 टप्पेबाजों का गिरोह

लखनऊ ब्यूरो : आमलबाग के चंदरनगर में हरकीरत सिंह की मां कृपाल कौर ने रविवार को पुलिस को सूचना दी कि वह सहेली के साथ खरीदारी करने बाजार गई थीं। जहां टप्पेबाज ने बेटे का दोस्त बनकर सरकारी मदद दिलाने का झांसा दिया और जेवर उतरवाकर भाग निकला। विभूतिखंड स्थित एचडीएफसी बैंक के अंदर रकम जमा करने गए नीरज से ढाई लाख की टप्पेबाजी हो गई। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया है। सुशांत गोल्फ सिटी निवासी सत्यनाम कैंट स्थित एसबीआई में रुपये निकालने गए थे। इस दौरान एक युवक ने नोट में रंग लगा होने की बात कही। नोट अलग करवाते समय मौका पाकर 24 हजार रुपये पार कर दिए। डंडइया बाजार में सब्जी खरीदने गई न्यू रामनगर की रातपति देवी को महिला व युवक ने बातों में उलझाकर कंगन उतरवा लिए। जब तक पीड़िता कुछ समझ पाती तब तक दोनों भाग निकले। राजधानी में 50 टप्पेबाजों का गिरोह पुलिसकर्मी बन लोगों को लूटने में लगा है। गत दिनों आलमबाग पुलिस व क्राइम बांच की टीम और चौक पुलिस ने आठ टप्पेबाजों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में इनके गिरोह के बारे में खुलासा हुआ। इसके बाद सक्रिय हुई राजधानी पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक शहर में ईरानी गैंग के नाम से 50 से ज्यादा सदस्य सक्रिय हैं। ये छोटी–छोटी टोली बनाकर वारदात को अंजाम देते हैं। एडीसीपी पश्चिम चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि गिरफ्तार टप्पेबाजों से कुछ इनपुट मिले हैं। इनके आधार पर अन्य सदस्यों की धरपकड़ की तैयारी है। ईरानियों के घरों में बनाते हैं ठिकाना पुलिस सूत्रों के मुताबिक गिरोह के सदस्य मध्यप्रदेश, मुंबई, शहडोल आदि जिलों से लखनऊ पहुंचते हैं। इसके बाद सीतापुर रोड के महमूदाबाद इलाके में ईरानियों के घरों



में पनाह लेते हैं। इसके एवज में इन लोगों को वारदात में मिले माल का कुछ हिस्सा दे देते हैं। गिरोह के सदस्य छोटे–छोटे समूहों में काम करते हैं और ज्यादातर आम आदमी को फंसाते थे। इसमें पहला व्यक्ति बात करता है, दूसरा ध्यान भटकाता है और तीसरा सामान बदलकर या चोरी कर फरार हो जाता था। पीड़ित को जब तक इसकी भनक लगती है, तब तक सभी रफूचक्कर हो जाते हैं। पुलिस की तरह रखते हैं हुलिया गिरोह के सदस्य पुलिस की तरह हुलिया रखते हैं। उन्हीं की तरह बाल कटवाते हैं और जरूरत पड़ने पर प्लास्टिक की पिस्टल का इस्तेमाल भी करते हैं। खास बात यह है कि वारदात के दौरान ये मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करते हैं। जरूर मांगे आईकार्ड एडीसीपी पश्चिम चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि पुलिस लूट का डर दिखाकर जेवर नहीं उतरवाती। यदि कोई खुद को पुलिस वाला बताते हुए ऐसा करने को कहता है तो उससे आईडी कार्ड दिखाने के लिए कहें। साथ ही डायल 112 या स्थानीय पुलिस को सूचना दें। इस तरह बरतें सतर्कता एटीएम में किसी से भी मदद न लें, साथ ही किसी को अंदर न आने दें। कार से तेल टपकने की बात पर नीचे न उतरें।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक लागत की परियोजना एवं अन्य निर्माण से संबंधित समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक लागत की परियोजना एवं अन्य निर्माण से संबंधित समीक्षा बैठक विकास भवन के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा जनपद की सड़कों की स्थिति की समीक्षा की। रतासी से इमलिया घाट कि सड़क पिछले वर्ष से ही स्वीकृत है लेकिन ठेकेदार के द्वारा कार्य शुरू नहीं किया गया है जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए ठेकेदार के ऊपर एफ आई आर दर्ज कराने एवं फर्म को ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 15 दिसंबर तक जौनपुर से भदोही मार्ग के सभी गड्ढे भरते हुए सड़क को ठीक कर दिया जाए। उन्होंने जेल के पास सड़क में हुए गड्ढे को तत्काल भरे जाने के निर्देश दिए। मेडिकल कॉलेज के सामने ब्रेकर बनाए जाने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए ताकि होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया कि ऐसी महत्वपूर्ण सड़के जिनमें धन अभाव है उसका प्रस्ताव जल्द से जल्द भेज दिया जाए और स्वीकृत परियोजनाओं में तेजी से कार्य कराए जाएं जिससे आम जनमानस को समस्या का सामना न करना पड़े। राजकीय जूनियर हाई स्कूल सुरहूरपुर में धन का अभाव बताया गया जिस पर शासन को पत्र लिखने के निर्देश दिए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आदमपुर की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कार्यदाई संस्था का स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए। मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल के निर्माण कार्य तेजी





से कराते हुए पूर्ण कराएं। निषादराज बालिका इंटर कॉलेज मल्हनी में कार्य शुरू न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक को स्पष्टीकरण देने का निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। यूपीपीसीएल आजमगढ़ इकाई के परियोजना प्रबंधक द्वारा बैठक में प्रतिभाग नहीं किया गया जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा परियोजना प्रबंधक यूपीपीसीएल आजमगढ़ ईकाई से स्पष्टीकरण के साथ–साथ एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, पीडी जयकेश त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राम दरस यादव सहित अन्य कार्रवाई संस्था के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## तेजीबाजार थाना क्षेत्र में दबंगो ने गुमटी फूंका

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : तेजीबाजार थाना क्षेत्र के सकलदेल्ला चौराहे पर इसी गांव निवासी प्रेमचंद्र मौर्य की चायपान की गुमटी थी। बुधवार को रात इग्यारह बजे के करीब दबंगो ने आग लगा दिया। आग से छप्पर सहित उसमे रखा लगभग दस हजार का समान जलकर राख हो गया। रात में गुमटी से आग लपटे देखकर किसी ने प्रेमचंद को सूचित किया सभी ने मिलकर आग पर काबू पाया।लेकिन जब तक आग पर काबू पाते टब तक दुकान में रखा सब समान जलकर राख हो गया।रात में ही लोगो ने पुलिश को सूचना दिया था लेकिन रात में पुलिस नही आई थी ।दबंगो को गाव वाले जानते है लेकिन उन लोगो का इतना आतंक है कि कोई नाम लेने को तैयार नही है। अराजकतत्वों दबंगो की इस हरकत से दुकानदारों में आक्रोश है।

## भटकती मिली किशोरी को धर्मापुर मंडल अध्यक्ष ने सौंपा पुलिस को

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जफराबाद थाना क्षेत्र के सरैयां मोड़ तिराहे पर बुधवार की रात लगभग दस बजे भटकती एक सोलह वर्षीय मंद बुद्धि किशोरी को स्थानीय दुकानदारों ने देखा तो इसकी सूचना धर्मापुर भाजपा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा को दी। सूचना पर तत्काल पहुचे भाजपा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा ने जफराबाद थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी को सूचित किया। तथा पुलिस के आने तक उक्त मंद बुद्धि किशोरी को अपने संरक्षण में लिए रहे। पुलिस ने उक्त किशोरी से उसका नाम पता जानने की कोशिश की परन्तु वह कुछ बता नही पा रही है। जिस पर महिला पुलिस उसे अपनी अभिरक्षा में जफराबाद थाने ले गई। इस संदर्भ में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष जफराबाद राजाराम द्विवेदी ने बताया कि उक्त किशोरी संभवतः मंद बुद्धि है जिसके वजह से वह अपना नाम पता नही बता पा रही है। सोसल मीडिया तथा विभिन्न माध्यमो से उक्त किशोरी के परिजनों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## मनरेगा से निर्माणाधीन चकमार्ग में घपले का आरोप

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के जंगीपुर गांव के आधा दर्जन ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी से लिखित शिकायत कर मनरेगा से निर्माणाधीन चकमार्ग में घपले का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। गांव निवासी राजकेशर के नेतृत्व में खंड विकास अधिकारी सर्वेश मोहन श्रीवास्तव को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप है कि ग्राम प्रधान पहले से ही निर्मित कुछ रास्तों को ट्रैक्टर जोतकर पुनः उसी को समतल कर भुगतान लेने का प्रयास कर रहे हैं। जिन रास्तों का मनरेगा के तहत निर्माण किया गया जाना दिखाया जा रहा है वे पहले से बने हुए हैं। मामले के सम्बन्ध में खंड विकास अधिकारी सर्वेश मोहन का कहना है कि शिकायत मिली है जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## नायब तहसीलदार सन्तोष कुमार देखेगे कस्बा सर्किल का कार्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उपजिलाधिकारी ने सभी नवनियुक्त नायब तहसीलदारों को सर्किलवार कार्य आवंटित कर दिया है।सन्तोष कुमार को कस्बा सर्किल का कार्यभार दिया गया है।मीना गौड़ को सुजानगंज तो सूरज कुमार को मुंगरा सर्किल का समस्त न्यायिक कार्य सौंपा गया है।इसके साथ सभी नायब तहसीलदार अपने अपने क्षेत्र के समस्त हाई कोर्ट,तहसील दिवस,भूलेख प्रकरण,मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के प्रकरण,आई जी आर एस /तहसील दिवसों के समस्त प्रकरणों का भी निस्तारण करायेंगे। समय समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा सौंपे गये समस्त कार्यों का सम्पादन करेंगे।तहसीलदार सुदर्शन कुमार पूर्व की भांति अपने न्यायिक व प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करते रहेंगे।

## तहसील अधिवक्ता समिति के चुनाव की तिथि घोषित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : तहसील अधिवक्ता समिति के विभिन्न पदों के चुनाव को लेकर नामांकन दाखिल करने की तिथि चुनाव अधिकारी द्वय वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक तिवारी व लालता प्रसाद ने गुरूवार को घोषित कर अग्रिम कार्यवाही में जुट गये हैं! चुनाव अधिकारी ने बताया कि अधिवक्ता समिति में अध्यक्ष, महामंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, संयुक्त मंत्री तथा सदस्य कार्यकारणी का चुनाव होगा! 19 व 20 दिसम्बर को 3 बजे तक नामांकन पत्र चढ दाखिल, 21 पर्चा वापसी तथा उसी दिन पर्चा के वैधता तथा 31 को मतदान की तिथि घोषित की गयी है!

सम्पादक मंडल
श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।